राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने पदमपुरा– बाड़ा में निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारम्भ किया

जयपुर, 5 अक्टूबर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को पदमपुरा–बाड़ा स्थित पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय में गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सांसद श्री रामचरण बोहरा के साथ शिविर में ऑपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को कम्बल वितरित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यपाल ने अस्वस्थ एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा को पुनीत कार्य बताते हुए निशुल्क शिविर आयोजन की सराहना भी की।

राज्यपाल श्री मिश्र का ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी श्री नरेश मेहता एवं अन्य सदस्यों ने शॉल ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया ।

––––